बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-147
16/04/2022

मुख्यमंत्री ने ताजपुर–बख्तियारपुर निर्माणाधीन पुल के पुनः कार्यारंभ का पूजन कर किया शुभारंभ

पटना, 16 अप्रैल 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज समस्तीपुर जिलान्तर्गत ताजपुर–बख्तियारपुर निर्माणाधीन पुल के पुनः कार्यारंभ का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने विधिवत् पूजन कर एवं नारियल फोड़कर पुनः कार्यारंभ किया।

मुख्यमंत्री को बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बख्तियारपुर (करजान)–ताजपुर ग्रीन फील्ड गंगा ब्रिज प्रोजेक्ट की जानकारी दी। बताया गया कि इस प्रोजेक्ट की लंबाई 51.127 किलोमीटर है, जिसमें पुल की लंबाई 5.517 किलोमीटर है, जबकि एप्रोच रोड की लंबाई 45.610 किलोमीटर है। प्रस्तुतीकरण के दौरान नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड (एन0ई0सी0एल0) के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि दिसंबर 2024 तक प्रोजेक्ट का काम पूर्ण कर दिया जाएगा।

प्रस्तुतीकरण के पश्चात मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बंद पड़े प्रोजेक्ट की आज फिर से शुरुआत की जा रही है। पुनः कार्यारंभ की आज शुरुआत हो गई है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट का निर्माण जल्द–से–जल्द पूर्ण करें ताकि उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के लोगों की संपर्कता और सुलभ हो सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मॉनसून आने के पहले मिट्टी संबंधी कार्य तेजी से पूर्ण करें।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के पूर्व वैशाली–ताजपुर–करजान पथ का हवाई सर्वेक्षण भी किया।

कार्यक्रम में पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन, विधायक श्री राजेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, बी0एस0आर0डी0सी0एल0 के प्रबंध निदेशक श्री संदीप पुद्गलकट्टी, आयुक्त दरभंगा प्रमंडल श्री मनीष कुमार, पुलिस महानिरीक्षक दरभंगा प्रक्षेत्र श्री ललन मोहन प्रसाद, पुलिस अधीक्षक श्री हृदयकांत सहित बी0एस0आर0डी0सी0एल0 के अन्य अधिकारीगण, नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड (एन0ई0सी0एल0) के वाइस प्रेसीडेंट श्री भास्कर मूर्ति, वाइस प्रेसीडेंट श्री दिवाकर राव, एन0ई0सी0एल0 के डी0जी0एम0 श्री टी0 जोसेफ एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******